मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-488
19/09/2023

# मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक की, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

मुख्य बिंदु–

- पथों का बेहतर रखरखाव विभाग द्वारा करायें, इसके लिए आवश्यकतानुसार अभियंताओं और तकनीकी कर्मियों की शीघ्र नियुक्ति करायें।

- विभाग द्वारा मेंटेनेंस करवाने से खर्च में भी बचत होगी और लोगों को नौकरी और रोजगार के अवसर मिलेंगे।

पटना 19 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

बैठक में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पथ निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पथों एवं पुल–पुलियों का बेहतर रखरखाव विभाग द्वारा ही करायें, इसके लिए आवश्यकतानुसार अभियंताओं और तकनीकी कर्मियों की शीघ्र नियुक्ति करायें। विभाग के अभियंता पथों के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करेंगे तो बेहतर सड़कों का निर्माण होगा और सड़कें मेंटेन भी रहेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पथों के चौड़ीकरण की आवश्यकता है उसका आकलन कर उस पर काम करें ताकि लोगों की सम्पर्कता और सुलभ हो सके। निर्माणाधीन पथों का निर्माण तेजी से पूर्ण करें। हमलोगों का उद्देश्य सिर्फ बेहतर सड़क और पुल–पुलियों का निर्माण कराना ही नहीं है बल्कि उसका अच्छे से मेंटेनेंस भी उतना ही जरूरी है। विभाग द्वारा मेंटेनेंस करवाने से खर्च में भी बचत होगी और लोगों को नौकरी और रोजगार के अवसर मिलेंगे। संसाधनों की जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जायेगा।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार उपस्थित थे।

******